हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

11 पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने से बढ़ी एफआईआर...



12 कैबिनेट मंत्री की अफसरों को नसीहत, शासन पर कम सुशासन पर दें जोर



## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ एक काबू

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जींद के भोगरा निवासी मनीष प्लेटफॉर्म नं. 8 पर ट्रॉली बैग के साथ मौजूद था। चेकिंग के दौरान वह पुलिस को देखकर तेजी से चलने लगा। संदेह के आधार पर उसके बैग की तलाशी लगी गई तो उससे 18 बोतल शराब बरामद हुई। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रेवाड़ी।** एनएच-48 पर बणीपुर चौक के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राजस्थान के नांगल सालिया निवासी कंवर सिंह बाइक से मानेसर की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास बाइक को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

### जुआ खिलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कसोला।** कसोला चौक पर मीट मार्केट के पास गोटियों से जुआ खिलाने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गुरूग्राम के नाथूपुर निवासी परवेज और वेस्ट बंगाल के जहांगीरपुर निवासी शब्बीर मियां लोगों को गोटियों से जुआ खिला रहे थे। उन्हें काबू करने के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से जुए की 25 सौ रुपये और गोटियां बरामद कीं। आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### अमानत में खयानत का मामला दर्ज

**कसोला।** पुलिस ने कंपनी में भेजी गई ट्रॉलियां गायब करने के आरोप में एक गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में सुठाना निवासी उदयभान ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी एक कंपनी में लगाई हुई है। गाड़ी से 10 खाली ट्रॉलियां कंपनी के लिए भेजी थीं, परंतु चालक यूपी के भगवाला निवासी ओमबीर ने 4 ट्रॉलियां गायब कर दीं। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### फार्म हाउस से लाइटें व केबल चोरी

**डहीना।** कंवाली में चोर एक फार्म हाउस से लाइटें व केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में हरीश कुमार ने बताया कि उसके मसीत रोड पर बने फार्म हाउस के बाहर हेलोजन लाइटें लगी हुई हैं। एक स्विफ्ट कार में आए चार लोग 13 लाइट और 80 मीटर केबल चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की पहचान शुरू कर दी।

### कोसली क्षेत्र से लापता हुई महिला

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव से करीब 43 वर्षीय महिला घर से फरार हो गई। महिला के पति ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 18 को घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसके बाद उसने अपनी ससुराल व दूसरे स्थानों पर उसकी तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### मकान में घुसकर दो मोबाइल फोन चोरी

**कोसली।** आस्था कॉलोनी में चोर एक मकान में घुसकर 2 मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में खेड़ी रामगढ़ निवासी धनीराम ने बताया कि वह कॉलोनी में परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा है। उसके मकान से चोर रात के समय दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।





दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे की दुर्दशा बयां करती तस्वीरें

# कोहरा का कहर

# एक ही रात में तीन हादसे, एक की मौत

पाल्हावास बस स्टैंड पर अनियंत्रित हुआ ट्रॉला दुकान में घुस गया | जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कार डिवाइडर से टकराकर पलटी | महेंद्रगढ़ रोड पर एक थार गाड़ी स्कूल की दीवार में घुस गई

**लापरवाही पड़ रही भारी**

एनएचएआई और पीडब्ल्यू ने सड़कों पर बचाव के नहीं किए इंतजाम

■

कई जगह से टूट चुके रोहतक और दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे

■

आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे लोग, अधिकारी सड़कों को लेकर नहीं गंभीर

■

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे नं. 48 पर कापड़ीवास से लेकर जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर 80 से अधिक अवैध कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोड इंजीनियरिंग की खामियां हर साल कोहरे के सीजन में बड़ी संख्या में लोगों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। इस बार कोहरे की शुरूआत में ही सोमवार को सड़कों पर तीन हादसे हो गए, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोहरे को देखते हुए न तो एनएचएआई ने और न ही पीडब्ल्यू ने सड़कों पर बचाव के इंतजाम किए हैं। कई जगह से टूट चुके रोहतक और दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, लेकिन एनएचएआई से लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी तक सड़कों के मामले में गंभीर नहीं हैं।

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे नं. 48 पर कापड़ीवास से लेकर जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर 80 से अधिक अवैध कट बने हुए हैं। इन कटों को बंद कराने और कट खोलने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश करीब 3 माह पहले सरकार ने सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए थे। इसके बाद एनएचएआई ने कुछ कटों को बंद कराना भी शुरू किया था। पेट्रोल पंप और ढाबा मालिकों ने इन कटों को फिर से खोल दिया। एनएचएआई की ओर से आज तक कट खोलने वाले लोगों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित होने वाली हर बैठक में डीसी की ओर से भी निर्देश दिए जाते हैं, परंतु अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इन के कारण कोहरे के समय हादसों की आशंका बढ़ जाती है। होटलों और पेट्रोल पंपों से अवैध कटों के जरिए सड़क पर आने वाले वाहनों से तेज रफ्तार वाहन टकराकर हादसों का शिकार हो जाते हैं।



रेवाड़ी। बावल के पास हाइवे पर बनाया गया एक अवैध कट। फोटो :हरिभूमि

### फ्लाईओवरों पर खतरनाक गड्ढे

कसोला चौक के पास असाही फ्लाईओवर पर खतरनाक गड्ढे बने हुए हैं। दिल्ली-जयपुर के बीच आवागमन करने वाले नए वाहन चालकों को देश के मुख्य राजमार्ग पर खतरनाक गड्ढों की कोई जानकारी नहीं होती। तेज रफ्तार वाहन ब्रेक नहीं लगाने पर तो हादसे का शिकार हो ही सकते हैं, ब्रेक लगाने की सूरत में हादसे की आशंका कई गुणा बढ़ जाती है।

पीछे चल रहे वाहनों के आपस में टकराने के पूरे आसार रहते हैं। ऐसे ही हालात रूद्ध फ्लाईओवर पर बने हुए हैं। इस फ्लाईओवर पर जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली लेन का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, लेकिन अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

### सड़कों पर नहीं बनाई गई पट्टियां


कोहरे के सीजन में सड़कों पर सफेद और पीली पट्टियां हादसों में कमी लाने में काफी मददगार साबित होती हैं। दिल्ली-जयपुर और रोहतक हाइवे की पट्टियां कई स्थानों पर गायब हैं। एनएच-48

### चल रहा सड़कों की मरम्मत का कार्य

*एनएचएआई की सड़कों को रिपेयर करने का कार्य तेजी से चल रहा है। सड़कों पर पट्टियां और पेंटिंग का कार्य भी चल रहा है। अवैध कटों को बंद कराने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। -धीरज सिंह, पीडी, एनएचएआई।*

### सोमवार को कोहरे से तीन हादसे

सोमवार को पहली बार सीजन का घना कोहरा पड़ा। कई स्थानों पर कोहरे की विजीबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही। कोहरे के कारण पाल्हावास के निकट एक ट्रॉला दुकान में घुस गया। जैसलमेर हाइवे पर रात को कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार कार डिवाडर पर चढ़ने के बाद पलट गई। महेंद्रगढ़ रोड पर जाडरा के पास एक थार गाड़ी स्कूल की दीवार में घुस गई। पीडब्ल्यूडी की ओर से भी अपनी सड़कों की सुध अभी तक नहीं ली गई है। महेंद्रगढ़ रोड की हालत जर्जर हो चुकी है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है।



रेवाड़ी। भगत सिंह चौक पर जेब्रा क्रासिंग का ले आउट।

### भगत सिंह चौक पर ट्रैफिक लाइटों से सुधरी व्यवस्था, अब जेब्रा क्रासिंग बनाने की मांग

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा कस्बे के भगतसिंह चौक पर लंबे समय से जाम की समस्या चली आ रही है। प्रतिदिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस व शहरी निकाय की ओर से ट्रैफिक सिग्नल लाइटें लगाई गई है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने डीजीपी हरियाणा, जिला उपायुक्त, आईजी ट्रैफिक व एसपी को पत्र भेजकर चौक पर पैदल निकालने वालों के लिए जेब्रा क्रासिंग बनाए जाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश ने कहा कि कस्बे के भगतसिंह चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने को लेकर लगाई गई ट्रैफिक लाइटों का अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। चौक पर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को काफी राहत मिली है। पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करने वालों के चालान भी करने से लोगों में जागरूकता आ रही है, लेकिन ट्रैफिक लाइटों को लगाने के साथ ही चौक पर जेब्रा क्रासिंग नहीं बनाई गई, जिसके कारण वाहन चालक लाल बत्ती होने पर गाड़ियों को अव्यवस्थित ढंग से खड़ा करते है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पार करने में परेशानी हो रही है। बुजुर्ग, विकलांगों व महिलाओं के लिए ज्यादा परेशानी बनी हुई है। धारूहेड़ा भगतसिंह चौक पर जेब्रा क्रासिंग बनाने की मांग की है ताकि वाहन चालकों को अपने वाहन रोकने के लिए सही जगह की पहचान हो सके और राहगीरों को सड़क पार करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

## शराब के नशे में मदहोश करके, जमीन नाम कराने का आरोप, मंत्री से मिले चांदावास के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चांदावास एक युवक को गांव की ही कुछ लोगों पर उसे कई दिनों तक शराब के नशे में मदहोश रखते हुए उसकी जमीन अपने नाम कराने का आरोप लगाया है। युवक के साथ गांव के कई लोगों ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल से मिलकर युवक को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। मंत्री के निर्देश पर एसपी दीपक सहारन ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। गांव के युवक संदीप कुमार के साथ आए ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने संदीप को कई दिनों तक अपने चंगुल में फंसाए रखा। उसे लगातार शराब के नशे में रखा। इसके बाद उससे जमीन के कागजों पर साइन कराते हुए मामूली रकम खाते में डालकर सारी जमीन एक व्यक्ति ने अपने नाम करा ली। वह आपराधिक किस्म का युवक है, जिसके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संदीप उन्हें जमीन का गांव से बाहर का एक प्लॉट देना चाहता था, परंतु आरोपियों ने उसकी सारी संपत्ति अपने नाम करा ली। इसके बाद उसके खाते में डाले गए पैसे भी उसके साइन कराकर निकलवा लिए। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना रामपुरा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है। ग्रामीणों ने मंत्री से मांग की कि संदीप की जमीन उसे वापस दिलाई जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



रेवाड़ी। मंत्री से मिलने के बाद एसपी से गुहार लगाते चांदावास के ग्रामीण, पीड़ित युवक संदीप। फोटो :हरिभूमि

### एसपी ने दिया ग्रामीणों को आश्वासन

कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने एसपी को निर्देश दिए कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाए। इसके बाद ग्रामीण एसपी दीपक सहारन से भी मिले। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद आश्वासन दिया कि वह मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे। अगर संदीप के साथ गलत हुआ है, तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### तीन लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट का केस दज

**कोसली।** उपमंडल के एक गांव की महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर छेड़छाड़, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार करीब 3 बजे वह घर से प्लाट में ईंधन लेने के लिए जा रही थी कि रास्ते में गांव के ही सचिन ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जब उसे कोई आस-पास दिखाई नहीं दिया तो उसने उनका हाथ पकड़ लिया तथा उनका फोन नंबर मांगने लगा। उन्होंने अपना हाथ छुड़ाया तथा अपने घर आकर सारी बाते अपने पति को बताई। पति उनके घर कहने के लिए गए तो सचिन, जगदीश व हरीश ने उसके पति के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

### प्रगतिशील किसानों ने आईएआरआई दिल्ली का किया भ्रमण

**रेवाड़ी।** मोटे अनाज के उत्पादन व प्रस्संकरण संवर्धन पर नई प्रोधौगिकी अपनाने के लिए नाबार्ड के वित्तीय सहयोग व लार्ड कृष्णा एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से जिला रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम और नूंह के प्रगतिशील किसानों व किसान उत्पादक संगठनों के 45 सदस्यों को राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) पूसा नई दिल्ली में एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि अशोक कुमार निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने की। वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किसानों को जानकारी दी। फाउंडेशन के अध्यक्ष रतिरात ने डा. जेपीएस डबास एवं डा. आरएस बाना वैज्ञानिक कृषि प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और हस्तांतरण केंद्र आईएआरआई का स्वागत किया। डा. डबास ने बताया कि मोटे अनाज वाली फसल जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू को मिलेट क्रॉप कहा जाता है। मिलेट्स को सुपर फूड कहा जाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होते हैं। उन्होंने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसान उत्पादक संगठनों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। डा. बाना ने मोटे अनाज से बनने वाले उत्पाद की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य जीवन में इसकी आवश्यकता के बारे में बताया। कार्यक्रम में सभी किसानों का फीडबैक एवं सुझाव लिए गए।



रेवाड़ी। विजिट के दौरान प्रगतिशील किसान। फोटो :हरिभूमि

**घने कोहरे के कारण कई स्थानों पर हुए सड़क हादसे, अगले चार दिन तक कोहरा कर सकता है परेशान**

# पहली बार सीजन का घना कोहरा, मंद पड़ी वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सर्दी का सीजन शुरू होने के बाद सोमवार को घना कोहरा छाया, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कुछ स्थानों पर कोहरे के कारण सड़क हादसे भी हुए। मौसम विभाग ने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है, जिसके तहत अगले तीन से चार दिन तक घना कोहरा छाया रह सकता है। तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। दिन के समय तेज धूप अभी भी गर्मी भगाने का काम कर रही है। रविवार रात 8 बजे के बाद ही कोहरे ने असर दिखाना शुरू कर दिया था। रात को सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ी रही। सोमवार सुबह तक कोहरा गहरा गया, जिससे कई स्थानों पर विजीबिलिटी 20 मीटर तक ही रही। सुबह 8 बजे तक वाहन चालक लाइट और इंडीकेटरर्स के सहारे एक-दूसरे के पीछे वाहन लगाकर चलते रहे। शहर के बाहरी इलाकों की सड़कों पर कोहरा घना रहा। शहर में कोहरे का ज्यादा असर नजर नहीं आया। कोहरे के कारण कई ट्रेनों का संचालन भी देरी से हुआ, जिससे रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9 बजे सूर्यदेव की चमक ने अपना काम करना शुरू किया, तो कोहरा कुछ ही क्षणों में गायब हो गया। तेज धूप खिलते ही सुबह की सर्दी का असर खत्म हो गया। दोपहर तक मौसम का मिजाज गर्म हो गया। लोगों को जर्सी व स्वेटर भी निकालने पड़े। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक कोहरा वाहन चालकों को परेशान कर सकता है। इस दौरान वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

**चार दिन तक रहना होगा सावधान**



रेवाड़ी। सोमवार सुबह महेंद्रगढ़ रोड पर छाया कोहरा। फोटो :हरिभूमि

### तापमान में एक डिग्री तक का उछाल

सोमवार को अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर कुछ कम रहा। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.5 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव अभी बना रहेगा। पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के चलते दो-तीन दिन में बादल छा सकते हैं, जिसके चलते कोहरे का असर ज्यादा देखने को मिलेगा।

### रबी फसलों के अनुकूल बना मौसम

जिले में मुख्य रूप से रबी फसलों में सरसों और गेहूं हैं। मौसम इस समय दोनों फसलों के अनुकूल बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञ डा. दीपक यादव का कहना है कि अभी तक दोनों फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। गेहूं में अच्छी फूट पड़ रही है, जो उत्पादन बढ़ाने में सहायक रहेगी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वह दोनों फसलों की हल्की सिंचाई करते रहें, ताकि तापमान गिरने पर फसल पाला जमने से बच सके। उन्होंने बताया कि इस समय अगर बरसात होती है, तो दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
26 दिसंबर 2023


वर्षांत-नववर्ष विशेषांक

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।



## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जान लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❀

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

हो सकता है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❀



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❀

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

सलाह / मनीषा

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।



**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❀

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

सजेशन / ललिता गोयल

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।




## वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

## ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।

## सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।



## डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

## रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। ❀

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

**सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड :** एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देखा जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं। ❀

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ❀

### केस दर्ज करने के बाद जांच करना मजबूरी

# पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने से बढ़ी एफआईआर

## साइबर थाने में बढ़ने लगी एफआईआर की संख्या, कारगर साबित हो रहा 1930 पर शिकायत दर्ज कराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन।

साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। 1930 नंबर पर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर थाना पुलिस के लिए शिकायतों को पेंडिंग रखना आसान नहीं रहा, जिस कारण आए दिन पुलिस थाने में ऐसी शिकायतों को एफआईआर में बदलना पड़ रहा है। इसके बाद पुलिस के लिए जांच कर, दोषियों की धरपकड़ करना मजबूरी बन जाता है। पुलिस ने पोर्टल पर शिकायतों के आधार पर साइबर ठगी के दो केस दर्ज किए हैं। साइबर थाना पुलिस के पास लगभग हर दिन साइबर ठगी की कई शिकायतें आती हैं। जांच के नाम पर इन शिकायतों को एफआईआर में बदलने की दिशा में कदम नहीं उठाए जाते। कई शिकायतें एक साल से भी अधिक समय से पेंडिंग चल रही हैं, जिन पर जांच के नाम पर भी कुछ नहीं हो रहा। थाने में दो-दो साल तक पुरानी शिकायतें भी धूल फांक रही हैं। इन शिकायतों को एफआईआर में उसी समय कन्वर्ट किया जाता है, जब पुलिस आरोपियों को पकड़ने में कामयाब हो जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर ठगी की वारदातों पर तुरंत एक्शन के लिए बनाए गए एमएचए पोर्टल और डायल-1930 पर दर्ज कराई गई शिकायतों को ज्यादा समय तक दबाए रखना आसान नहीं है। गत दो माह से साइबर ठगी के मामलों में एफआईआर की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। साल के पहले 10 माह के दौरान साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन में 29 एफआईआर ही दर्ज हुई थीं, जबकि नवंबर और दिसंबर माह में अब तक 15 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। यह एफआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर ही दर्ज हो रही हैं।

### आर्मी के जवान को लगाया चूना

आर्मी में तैनात रामगढ़ निवासी अमित कुमार ने डायल-1930 नंबर पर दर्ज शिकायत में बताया कि वह छुट्टी लेकर घर आया हुआ है। 17 दिसंबर को उसके पास एक नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को चौहान सर बताया था। चौहान ने बताया कि वह अपने बेटे के पास पैसे भेजना चाह रहा है, परंतु नेटवर्क की खराबी के कारण पैसे नहीं जा रहे हैं। उसने एक नंबर देकर उस पर पैसे ट्रांसफर करने की बात कही। उसने बताए गए नंबर पर 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ फ्रॉड किया गया है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### पैसे भेजने के नाम पर बनाया शिकार

नांगलिया रणमोख निवासी मनीषा यादव ने डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराई कि उसके पास एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारे पिता ने मुझे 3500 रुपये आपके पास भेजने के लिए दिए हैं। उसने 3500 रुपये भेजने का स्क्रिन शॉट उसके पास भेज दिया। उसके बाद उसने दोबार फोन करके बताया कि उसने गलती से उसके पास 35 हजार रुपये भेज दिए हैं, इसलिए वह बाकी 31500 रुपये उसे वापस भेज दे। उसकी बातों पर विश्वास करते हुए उसने यह राशि भेज दी। बाद में पता चला के उसके साथ साइबर फ्रॉड किया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

किस माह दर्ज हुई कितनी एफआईआर

जनवरी - 2, फरवरी - 2, मार्च - 3, अप्रैल - 8, मई -4, जून -3, जुलाई -1, अगस्त - 1, सितंबर -4, अक्टूबर -1, नवंबर -5, दिसंबर -10 (24 दिसंबर तक)

### मददगार साबित हो रहा 1930



साइबर फ्रॉड होने के बाद डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद फ्रॉड की राशि जाने वाले खाते को तुरंत सीज करा दिया जाता है। इस नंबर पर आने वाली कॉल पर तत्काल एक्शन लिया जाता है, जिस कारण रिकवरी आसान हो जाती है। फ्रॉड होने के बाद संबंधित लोगों को इस नंबर शिकायत जरूर दर्ज करानी चाहिए।

*-दीपक सहारन, एसपी।*

# संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया

- कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली व पूर्व भाजपा अध्यक्ष हुकुमचंद ने लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते लक्ष्मण यादव। फोटो :हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को गांव बालावास अहीर, बालावास जमापुर, गुगोढ़, गोपालपुर गाजी, सांझरपुर, मोहनपुर, लुहाना व मसीत में पहुंची। गांव बालावास अहीर व बालावास जमापुर में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, लुहाना व मसीत में विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव तथा गांव गुगोढ़ व गाजी गोपालपुर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकमचंद यादव ने संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया गया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है।

## जांगिड़ धर्मशाला में सत्संग व भंडारा लगाया

**धारूहेड़ा।** सोहना रोड पर स्थित जांगिड़ धर्मशाला में बाबा जयगुरुदेव के समर्ती दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबा जय गुरुदेव के शिष्य रमाकांत पालीवाल ने कहा कि परमात्मा ही सत्य है। मौत ही सत्य है, जिसको हमेशा याद रखना चाहिए। आध्यात्मिक का पहला पाठ पढ़ो। जय गुरुदेव की ध्वनि से कर्मों की सफाई होगी, लेकिन आत्मा का कल्याण गुरु के दिए नाम से ही होगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी हुआ। सत्संग में ओम प्रकाश, गोपाल, जयप्रकाश, राजेंद्र हवाई, राजेंद्र सैनी, मानसिंह, रवि, नेतराम सैनी, संगीता, सिया, पूनम, कमलेश, कौशल्या, सुकन्त सैनी व बीना देवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## साहित्यकार ने अटल जयंती पर जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**रेवाड़ी।** एक दर्जन से ज्यादा हरियाणवी पुस्तकों के रचनाकार सेक्टर-4 निवासी मास्टर रामअवतार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कृति 'मेरी 51 कविताएं' से प्रभावित होकर उनका जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों में 51 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव ने बताया कि सोलहराही सरोवर में काम पर जुटे मजदूरों व झुग्गियों में रहने वाले लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। क्षेत्र के रचनाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा साहित्यप्रेमियों ने वरिष्ठ साहित्यकार मास्टर राम अवतार की इस अनूठी पहल की सराहना की।

# भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। गैस कनेक्शन वितरित करते डा. बनवारी लाल। फोटो :हरिभूमि

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जन आंदोलन है। सहकारिता मंत्री सोमवार को बावल विधानसभा के गांव सांझारपुर व मोहनपुर में विकससित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करने उपरांत लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार अपनी सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि कोई भी गरीब विकास की इस यात्रा में सहभागी बनने से वंचित न रह जाए। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपने सभी अग्रणी कार्यक्रमों का लाभ देश के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है।

## भारत रत्न वायपेयी का अर्पित की श्रद्धाजंलि

**बावल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर बावल विधानसभा के गांव नांगल जमालपुर में श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। कार्यक्रम खोल मंडल संयोजक इंद्रजीत भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर रविदत उपाध्यक्ष मंडल खोल, सुनील, रामजस व राजू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।


रेवाड़ी। अटल बिहारी वायपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# बजरंग सेवा मंडल ने निकाली शोभायात्रा


रेवाड़ी। शोभायात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

अयोध्या श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को बावल में बजरंग सेवा मंडल की ओर से पीले चावलों के कलश की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा ने भैरू मंदिर से शुरू होकर पूरे कस्बे की परिक्रमा की तथा अंबेडकर चौक होते हुए श्याम मंदिर में समन्न हुई। इस मौके पर बावल थाना एसएचओ, पल्लवी, सुशीला, सनी, लता, मधु, वंदना, कविता, सुशील कुमार बत्रा, महेश, दीपक व पवन मौजूद थे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम.................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................
पता.................................तहसील .....................पिन.....................
जिला ........................ फोन नं. ........................ एजेंट का नाम ........................

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी। मो. 8053076211, 8295738500, 9253681005, 8708069520, 9253681019-20

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी आई-20 कार चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 में एक मकान के बाहर खड़ी आई-20 कार चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में शुभराम ने बताया कि उसने रात के समय अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह सुबह उठकर बाहर निकला तो कार गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी कार का कोई सुराग नहीं लगा। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### राजगढ़ में मारपीट के आरोप में कई नामजद

**भाड़ावास।** राजगढ़ में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में उदयबीर ने बताया कि वह बाइक से अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही हरिओम, सुभाष व चार अन्य लोगों ने उसे रोक लिया। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर चले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कार की चपेट में आकर बाइक चालक घायल

**धारूहेड़ा।** भिवाड़ी मोड़ के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। महेश्वरी निवासी प्रेम शर्मा ने पुलिस बयान में बताया कि वह भिवाड़ी में एक अस्पताल में कार्य करता है। शाम को वह ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था। भिवाड़ी मोड़ के पास एक स्फिट डिजायर कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

### फार्म में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**जाटूसाना।** गाजी गोपालपुर में बकरी फार्म पर सो रहे गुडियानी निवासी अमित पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अमित ने गूगोढ़ निवासी तेजपाल सहित तीन लोगों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया था। इस मामले में गूगोढ़ निवासी तेजपाल को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट व धमकी देने के 6 आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोनसीवास रोड पर हुए झगड़े के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। झुग्गियों में रहने वाले लोगों के बीच हुए झगड़े के बाद पुलिस ने 13 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस केस में जांच करते हुए पुलिस ने भारत, गौरव, आकाश, संजय, अमन व विशाल को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर से लापता हुआ नौंवी कक्षा का छात्र

**जाटूसाना।** फतेहपुरी गांव से एक नौवीं कक्षा का छात्र अचानक घर से लापता हो गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में नरेश ने बताया कि उसका बेटा जय शर्मा खुसपुरा के प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र है। रविवार को अचानक वह घर से कहीं चला गया। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर उसकी तलाश शुरू की गई, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद छात्र की खोजबीन शुरू कर दी।

### ट्रेन की चपेट में आए व्यक्ति की पीजीआई में मौत

**कोसली।** किशनगढ़ बालावास रेलवे स्टेशन के बीच 28 नवंबर को ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की रविवार को रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। जीआरपी चरखी दादरी के उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति को होश नहीं आया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। व्यक्ति का सावला रंग, कद 5 फीट 9 इंच, दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में अजीत कुमार सुमन व छाती में बाई तरफ टैटू गुदा हुआ है।

### जिले में बड़ी संख्या में लोगों ने किया तुलसी पूजन

**रेवाड़ी।** हिंदू धर्म में तुलसी पूजन की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से देश में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इस प्रथा की शुरूआत वर्ष 2014 से हुई और इस दौरान देश के कई संतों ने तुलसी पूजा के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

---

## सरकारी योजनाओं को कराएं इमादारी से क्रियांवित, सेवक बनकर करें लोगों की समस्याओं का समाधान

# मंत्री की अफसरों को नसीहत, सुशासन पर दें जोर





**रेवाड़ी।** जिला सचिवालय में आंगनवाड़ी वर्कर्स को स्मार्टफोन वितरित करते डा. बनवारीलाल, सुशासन दिवस पर सीएम का लाइव भाषण अधिकारियों के साथ सुनते हुए डा. बनवारीलाल व पब्लिक हेल्थ की टीम को सम्मानित करते हुए डा. बनवारीलाल।

> सरकार की कुशल नीतियों के कारण युवाओं को बिना भेदभाव के योग्यता के अनुसार नौकरियां मिल रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने अफसरों को नसीहत दी है कि वह शासन पर कम और सुशासन पर ज्यादा जोर दें। सरकार की सुसाशन की नीति को आगे बढ़ाने के लिए जनहित की योजनाओं को इमानदारी से लागू कराएं। जनता की सेवा को धर्म मानते हुए उनकी समस्याओं के त्वरित निदान पर जोर दें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह शासक होने का भ्रम दिमाग में नहीं पालें। डा. बनवारीलाल सोमवार को जिला सचिवालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. बनवारीलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए जनहित के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू कर रही है। इन योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए अधिकारी कड़ी का कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें अपने कर्तव्य को निष्ठा के साथ अंजाम देना चाहिए। सीएम मनोहरलाल चाहते हैं कि सरकार की सभी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अधिकारी तत्परता दिखाएं। एक सवाल के जवाब में डा. बनवारीलाल ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार सिर्फ घोषणाओं की सरकार रही थी। वह आज भी लोगों को झूठी घोषणाओं से गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु जनता उनके कार्यकाल की हकीकत जानती है। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कराने में हुड्डा ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी, जबकि वह खुद उसमें सदस्य थे। उन्होंने कहा कि मनोहरलाल ने सीएम पद संभालने के बाद पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कराया है।

### आईटी को बढ़ावा दे रही सरकार

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पारदर्शी व दूरगामी सोच के चलते हरियाणा सरकार ने सिस्टम को पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त व हाइटेक बनाते हुए आईटी के माध्यम से प्रदेशवासियों को पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देकर फील गुड का अहसास कराया है। प्रदेश में अंत्योदय व सबका साथ-सबका विकास की भावना के अनुरूप विकास कार्य किए जा रहे हैं और योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने आईटी व डिजिटल माध्यम से सेवाओं का सरलीकरण किया है, जिससे अंत्योदय की भावना को बल मिला है।

### आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिले स्मार्टफोन

समारोह में सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग को पेपरलेस करने के मिशन को आगे बढ़ाते हुए सुपरवाइजर्स व आंगनवाड़ी वर्कर्स को स्मार्टफोन वितरित किए। स्मार्ट फोन पाकर सुपरवाइजर्स व आंगनवाड़ी वर्कर्स के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने सरकार की डिजिटल प्रणाली की सराहना की। महिला एवं बाल विकास विभाग की रियल टाइम आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कल्याणकारी नीतियों का लाभ देने में स्मार्ट फोन अहम कड़ी साबित होने जा रहे हैं।

### पूर्व पीएम ने लिया था सुशासन का संकल्प

इससे पूर्व सुशासन समारोह को संबोधित करते हुए डा. बनवारी लाल ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पं. मदन मोहन मालवीय व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

सरकार आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में मना रही है और सरकारी कार्यों में अपनी जिम्मेवारी निभाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शासन के माध्यम से सुशासन देने का जो संकल्प लिया था उसे हरियाणा सरकार बखूबी आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी कार्यों में सरलीकरण व पारदर्शिता को लगातार बढ़ावा दे रही है।

### उम्मीदों पर खरा उतर रही सरकार

समारोह के विशिष्ट अतिथि कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि सीएम मनोहरलाल ने पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचारमुक्त शासन देने की दिशा में कार्य किया है। सरकार की कुशल नीतियों के कारण युवाओं को बिना भेदभाव के योग्यता के अनुसार नौकरियां मिल रही हैं। यह सरकार लोगों की उम्मीदों पर लगातार खरा उतर रही है। एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, डीडीपीओ एचपी बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, नप चेयरपर्सन पूनम यादव, एसपी दीपक सहारन, एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीएमसी उदय सिंह, एसडीएम होशियार सिंह व विभिन्न विभागों के अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

### मंत्री के डिपार्टमेंट को पहला पुरस्कार

सुशासन दिवस समारोह में सहकारिता मंत्री ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पहला इनाम दिया गया।नागरिक संसाधन एवं सूचना अधिकारी की टीम को दूसरा और पुलिस विभाग की टीम को तीसरा सुशासन पुरस्कार मिला।

---

# सांता ने उपहार बांटकर बुरी आदतें त्यागने के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल




**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में सांता व परी बने बच्चे शिक्षकों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सांता की ओर से विद्यार्थियों को उपहार बांटे गए। कार्याक्रम में पश्चिमी सभ्यता के साथ भारतीय सभ्यता का समागम भी देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच, प्राचार्या एवं अध्यापकों ने तुलसी पूजन करके किया। उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल का भी श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर निदेशक सिवाच ने कहा कि चाणक्य नीति के अनुसार हमें अपनी संस्कृति के साथ दूसरों की संस्कृति को भी सम्मान देना चाहिए। सांता व परी की वेशभूषा में बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने नृत्य, भाषण एवं लघु नाटिकाओं में भाग लिया। सांता ने बच्चों को उपहार बांटने के साथ-साथ बुरी आदतों को त्यागकर मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या ने महाराजा सूरजमल के जीवन पर प्रकाश डाला। निदेशक ने क्रिसमस व तुलसी पूजन की महत्ता पर विचार प्रकट किए।

### सुनील सरंक्षक व अशोक बने जिला शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान

**रेवाड़ी।** जिला शारीरिक शिक्षक संघ का चुनाव सोमवार को नेहरू पार्क में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से अशोक कुमार पीटीआई जीएमएस चांदनवास को जिला प्रधान तथा शिवानी डीपीई जीएसएसएस साल्हावास व महेंद्र पूनिया जीएसएसएस भाकली को उपप्रधान, राजकुमार जाखड़ जीएमएस पाड़ला को सचिव, विशाल चौधरी पीटीआई जीएसएसएस बधराना को सहसचिव, महेंद्र कुमार डीपीई धारूहेड़ा व अशोक कुमार डीपीई ततारपुर को कोषअध्यक्ष, नवल सिंह पीटीआई काकोड़िया को प्रैस सचिव तथा होशियार सिंह पीटीआई बूढ़पुर को ऑडिटर चुना गया। जिला संघ में संजय डीपीई गुर्जरवास व नगेंद्र पीटीआई मोतला सदस्य के रूप में कार्यभार देखेंगे। सुनील कुमार डीपीई ततारपुर ईस्तमुरार को संघ में संरक्षक नियुक्त किया गया है।

# मंदिरों में 22 को होगा सत्संग

- पाल्हावास प्रखंड के अभियान संयोजकों ने टीम का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** पाल्हावास में बैठक करते हुए।

श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा अभियान की टीम सोमवार को रोहन के नेतृत्व में पाल्हावास प्रखंड में निमंत्रण के पीले चावल का कलश लेकर पहुंची। कन्होरा के पूर्व सरपंच मान सिंह, विनोद, गोविंद व जसवंत भी टीम में शामिल थे। पाल्हावास प्रखंड के अभियान संयोजकों ने टीम का स्वागत किया। इस मौके पर बस अड्डे से बालाजी मंदिर होते हुए हनुमान मंदिर सूरदास वाला तक शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर प्रधान पीटीआई ब्रह्मप्रकाश व गणमान्य लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। मंदिर में अक्षत कलश करने के उपरांत बैठक की गई। कार्यक्रम प्रमुख ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के सहसंयोजक अनिल आर्य ने भी अपने विचार रखे। आर्य ने बताया कि 31 दिसंबर तक अक्षत वितरण के लिए वॉलेंटियर कमेटियां तैयार की जाएगी। वॉलेंटियर्स मंदिर कमेटी के साथ मिलकर गांव में घर-घर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण के अक्षत वितरित करेंगे। 22 जनवरी को दिन में गांव के हर मंदिर में हवन-यज्ञ होगा और शाम को दीपोत्सव किया जाएगा। हर मंदिर का व्यवस्था संयोजक उसका प्रधान होगा। मंदिरों में भजन-कीर्तन का प्रोग्राम किया जाएगा, जिसमें भजनोपदेशक और गीत-संगीत मंडलियां आमंत्रित की गई है। मंदिर में अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए 26 दिसंबर को कमेटी की ओर से गांव की बैठक बुलाई गई है। इस मौके पर बिट्टू ठेकेदार जीवड़ा, जाटूसाना खंड बीजेपी ब्लॉक प्रधान सुनील ठेकेदार, जगत सिंह पहलवान, हवासिंह, हंसराज समाजसेवी, राकेश आदि मौजूद रहे।



### सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से किया सुशासन का मार्ग प्रशस्तः रामपाल

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश सह संयोजक हिमांशु पालीवाल ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि भारत रत्न वाजपेयी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने शासन के माध्यम से सुशासन देने का जो संकल्प लिया था उसे भाजपा सरकार बखूबी आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी कार्यों में सरलीकरण व पारदर्शिता को लगातार बढ़ावा दे रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार सबका-साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र से प्रेरित होकर आम जन के हित के लिए कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्ग के नागरिकों की मदद का भरसक प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मवीर यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, अशोक कोसलिया व राजकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 31 दिसंबर से शुरू होगा रामलला प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण देने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** शिव मंदिर में हवन पूजा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान के चलते विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल की अध्यक्षता में शिव मंदिर नई अनाज मंडी से जिला स्तर पर अक्षत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संयोजक राजकुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सभी 11 प्रखंडों में अक्षत कलश का हवन यज्ञ कर पूजन करके किया गया। प्रत्येक प्रखंड को अक्षत कलश सौंपे गए। संत बाबा हनुमान दास मंगलेश्वर वाले की ओर से धारूहेड़ा के कार्यकर्ताओं की टोली को ढोल-नगाड़ों के साथ रवाना किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक ने शहर, अजय मित्तल ने मीरपुर प्रखंड, विहिप जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने बावल प्रखंड, एमपी गोयल ने भाड़ावास प्रखंड, विहिप के लक्ष्मीनारायण शर्मा ने कुंड प्रखंड, ,रामप्रसाद यादव करनावास ने डहीना प्रखंड, जिला उपाध्यक्ष नरेश गया ने गुड़ियानी प्रखंड, नरेंद्र जोशी ने कोसली प्रखंड, बसंत ने पाल्हावास प्रखंड व डा. आत्मप्रकाश यादव ने जलियावास प्रखंड को कलश सौंपा। हवन व पूजा अर्चना में मुख्य यजमान के रूप में डा.आत्मप्रकाश यादव, अंजुल कुमार गुप्ता, सुनील सरपंच चांदवास व विजय गोयल दंपति बैठे।



### क्रिसमस-डे पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को क्रिसमस-डे सेलिब्रेशन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने अंग्रेजी गानों पर मनमोहक डांस पेश किया। कक्षा पांचवी की छात्रा ने सांता से जुड़े तथ्य बताएं। कक्षा चौथी के बच्चों ने क्रिसमस संबंधित कविता सुनाई। कार्यक्रम में समूह नृत्य व गीत आकर्षण का केंद्र रहे। सांता की वेशभूषा में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन राजेंदर सैनी ने बच्चों को एक-दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया। निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि जिस प्रकार क्रिसमस-डे पर सांता सबकी मदद करने आता है, उसी प्रकार आप भी अपने जीवन में दूसरों की मदद करके हर दिन को क्रिसमस के समान मना सकते है।

### शारीरिक शिक्षक ने जन्मदिन पर स्कूल में लगाए पौधे

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास में पौधरोपण का आयोजन किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय कुमार डीपीई ने अपने जन्मदिन पर स्कूल परिसर में करीब 12 पौधे लगाए। डीपीई ने पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए क्रिसमस-ट्री के भी पौधे लगाए। संजय डीपीई पर्यावरण प्रेमी है और विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ सदस्यों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करते हैं। पौधरोपण करने से हमेशा ऑक्सीजन मिलती है और पेड़-पौधों की अधिकता से वातावरण स्वच्छ रहता है। सभी से जन्मदिन व अन्य खुशी के मौके पर कम से कम 5 पौधे अवश्य लगाने की अपील भी की।

## फादर ने प्रभू यीशू मसीह के दिखाएं मार्ग पर चलने का दिया

# क्रिसमस पर की प्रभू यीशू मसीह की प्रार्थना

- प्रभू यीशू मसीह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश, समाज और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** चर्च में प्रार्थना करते फादर व उपस्थित लोग। *फोटो : हरिभूमि*

सोमवार को जिले में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकुलर रोड स्थित सेंट एंड्यूज चर्च सहित शहर में अनेक जगह कार्यक्रम आयोजित किया गए। चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना करके प्रभू यीशू मसीह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश, समाज और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सरकुलर रोड स्थित सेंट एंड्यूज चर्च में सोमवार प्रातः से ही ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित होने शुरू हो गए। चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के फादर ऐरिक नोएल डेनियल ने बाईबल पढ़ने के साथ लोगों से सकारात्मक व स्वस्थ जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। पादरी ने प्रार्थना सभा के दौरान लोगों से प्रभू यीशू मसीह का स्मरण करते हुए परिजनों और शुभचितकों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करने का आह्वान किया। ईसाई समुदाय सहित सभी धर्मो के लोगों ने चर्च में कैंडल जलाकर प्रभु यीशू मसीह से देश में अमन चैन व शांति बनाए रखने की कामना की। क्रिसमस पर्व पर सरकुलर रोड स्थित 128 साल पुराने सेंट एंड्यूज चर्च को लाइटों से सजाया गया था। चर्च के अंदर आकर्षक क्रिसमस-ट्री भी सजाया गया। सांता क्लॉज बने बच्चों ने चर्च में आए लोगों को उपहार व टॉफियां वितरित की। फादर ऐरिक डेनियल ने कहा कि इस दुनिया में सब पापी है, लेकिन गुनहगार से नहीं गुनाह से नफरत करनी चाहिए। इंसान को सबसे पहले अपने अंदर की बुराईयों का त्यागना होगा तभी वह एक अच्छा इंसान बन पाएगा। भगवान ईशु ने भी बाईबल में यहीं संदेश दिया है। इस मौके पर सेक्रेटरी रवि यूनुस व ट्रेजरार सुषमा सिंह सहित ईसाई समुदाय के अनेक लोग मौजूद थे।

### विवेकानंद व कबीर हाउस ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**बावल।** सर्वोदय सीनियर सैकेंडरी स्कूल नंगली परसापुर में क्रिसमस-डे पर इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, विवेकानंद हाउस, कबीर हाउस, नानक हाउस और गांधी हाउस की टीमों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अध्यक्ष नितेश यादव, चेयरपर्सन विजेता कुमारी एवं प्राचार्य मृदुला राघव ने किया। मुख्यातिथि ने हाउस कैप्टन को मशाल सौंपी। खिलाड़ियों ने स्कूल हेड बॉय गौरव एवं हेड गर्ल चंचल के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया। विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़, बाधा दौड़, रस्साकशी, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, वालीबॉल व शॉट पुट में भाग लिया। विवेकानंद एवं कबीर हाउस ने खेल प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी जीती।